दिनांक-30.11.25 समय-02.10पीएम

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री - मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल के कई घटनाक्रम भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाते हैं। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि इस महीने की 25 तारीख को अयोध्या के राम मंदिर में धर्मध्वजा फहराई गई और उसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का उद्घाटन किया गया। श्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो द्वारा आयोजित अनूठी ड्रोन प्रतियोगिता का भी जिक्र किया, जहाँ देश के युवा, मंगल ग्रह जैसी परिस्थितियों में ड्रोन उड़ाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब भी वह युवाओं के समर्पण और वैज्ञानिकों की प्रतिबद्धता की देखते हैं, तो उनका हृदय उत्साह से भर जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं का यही समर्पण विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है।

श्री मोदी ने कहा भारत ने 35 करोड 7 लाख टन अनाज के उत्पादन के साथ ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, जो कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। .....

सर्वदलीय-बैठक

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक नई दिल्ली में चल रही है। सरकार द्वारा बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कर रहे हैं। राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा, केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल मुरूगन भी बैठक में उपस्थित हैं। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, डीएमके नेता तिरूचि शिवा, तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओ ब्रायन, शिवसेना नेता नरेश महास्के सहित अन्य नेता भी बैठक में भाग ले रहे हैं। संसद का सत्र कल से शुरू होगा और 19 दिसम्बर तक चलेगा।

एसआईआर-प्रदेश

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में मंडला जिले ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए प्रदेश का पहला आदिवासी जिला बनने का गौरव प्राप्त किया है, जिसने इस कार्य में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। नेटवर्क समस्या, कठिन भू-भाग, दूरदराज़ के गांव और लगातार फील्ड में कार्यरत टीमों के सामने अनेक बाधाएँ थीं, लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन की टीम ने दिन-रात मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया। एसआईआर कार्य में मिली इस शानदार सफलता पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा ने सभी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, सुपरवाइजर सहित इस कार्य में जुटे सभी कर्मचारियों और टीमों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

एसआईआर-संशोधन

निर्वाचन आयोग ने 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर के कार्यक्रम में संशोधन किया है। संशोधित अधिसूचना के अनुसार निर्वाचन आयोग ने गणना की समय-सीमा 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। मतदाता सूची का मसौदा अब 16 दिसम्बंर को प्रकाशित किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची अगले वर्ष 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। इस समय उत्तर प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुद्दुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है।

गीता जयंती महोत्सव

प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ कल होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होंगे। संस्कृति, जनसम्पर्क, उच्च शिक्षा, जेल, कृष्ण पाथेय न्यास और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में उज्जैन दशहरा मैदान पर एक से तीन दिसम्बर तक राज्य स्तरीय गीता महोत्सव आयोजित किया जाएगा। सोमवार सुबह 9 बजे से श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों के सांनिध्य में गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के सभी संभागीय, जिला, विकासखण्ड मुख्यालय पर भी सस्वर गीता पाठ किया जाएगा। कल शाम 7 बजे से दशहरा मैदान पर प्रसिद्ध कलाकार पुनीत इस्सर के निर्देशन में जय श्री कृष्ण-गीता सार नृत्य-नाट्य का मंचन किया जाएगा।

समाचार संक्षेप में -

ऽ नर्मदापुरम जिले में कल 1 दिसंबर से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू होने जा रही है। इसके लिए जिले भर में 64 उपार्जन केंद्र में अब तक 8 हजार से अधिक किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं।

ऽ रतलाम, पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन नगर जिला कार्यालय में किया जा रहा है। यह शिविर आज से 6 दिसंबर तक चलेगा।

ऽ शिवपुरी जिले में एक दिसंबर को मानस भवन में गीता ज्ञान महोत्सव आयोजित होगा। इसमें 1100 स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान गीता के 15वें अध्याय का सुस्वर पाठ किया जाएगा।

ऽ श्योपुर में भी गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय कार्यक्रम का आयोजन कराहल एवं विजयपुर विकासखण्ड मुख्यालय पर किया जायेगा।